अमृत विचार
बरेली महानगर
बरेली , शनिवार, 13 दिसंबर 2025

PAGE NO IV : MIDDLE

# कूच बिहार ट्रॉफीः मैच खेलने शहर पहुंची यूपी की टीम



शहर के एक होटल में पहुंची यूपी की टीम। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचारः** कूच बिहार ट्रॉफी के अंतर्गत बंगाल के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उत्तर प्रदेश की टीम शुक्रवार रात बरेली पहुंच गई। टीम का शहर के एक होटल में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मैच 16 दिसंबर से 19 दिसंबर तक एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लक्ष्य के साथ आई यूपी टीम ने बरेली पहुंचने के बाद हल्की अभ्यास सत्र की योजना भी बनाई है। आयोजकों ने बताया कि मैच के दौरान खिलाड़ियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।